# प्रथम पी.यू.सी. प्रथम त्रैमासिक परीक्षा अगस्त 2024

समय : 1 घंटे 30 मिनट

## हिन्दी (03)

कुल अंक : 40

सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

**I अ) गद्यभाग के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** 3x1=3

1) श्रीकंठ कब घर आया करते थे?
i) सोमवार ii) शनिवार iii) बुधवार iv) रविवार

2) कमज़ोरी किसके समान है?
i) स्वर्ग ii) नरक iii) अमृत iv) मृत्यु

3) कौन बड़ा ईर्ष्यालु माना जाता है ?
i) इन्द्र ii) चन्द्र iii) विष्णु iv) यमराज

**आ) अपठित भाग के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** 3x1=3

4) बालक का नाम क्या है?
i) प्रसाद ii) सरदार सिंह iii) मधुआ iv) लल्लू

5) युवक की पहली पत्नी का नाम लिखिए।
i) बिन्दा ii) आनंदी iii) मनोरमा iv) सुकेशी

6) 'श्मशान' कहानी की लेखिका कौन हैं ?
i) महादेवी वर्मा ii) मन्नू भंडारी iii) सुभद्राकुमारी चौहान iv) त्रिवेणी

**इ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :** 2x1=2
**(संतान, हाथी, गौरीपुर)**

7) इस दरवाज़े पर ............... झूमता था।

8) ............... में रामलीला के वही जन्मदाता थे।

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** 3x1=3

| | | |
|---|---|---|
| 9) | i) बेईमानी करना | गुस्सा करना। |
| | ii) उल्लू बनाना | धोखा देना। |
| | iii) आँखे लाल होना | मूर्ख बनाना |

**II अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :** 1x3=3

10) बेनीमाधव सिंह के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

11) सर्वधर्म सहिष्णुता के बारे में स्वामी विवेकानंद जी के विचार लिखिए।

(P.T.O)

आ) निम्नलिखित **वाक्य किसने किससे कहे ।** 2x1-2

12) जल्दी से पका दो, मुझे भूख लगी है ।

13) मुझसे जो कुछ अपराध हुआ, क्षमा करना ।

इ) निम्नलिखित **में से किसी एक का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए ।** 1x3=3

14) अभी परसों घी आया है । इतना जलदी उठ गया ?

15) 'उठो, जागो और तब तक रुको नही, जब तक लक्ष्य प्राप्त नहो जाए ।'

**III अ) एक शब्द या वाक्य या वाक्यांश से उत्तर लिखिए :** 3x1=3

16) माटी कुम्हार से क्या कहती है ?

17) मधुर वचन से क्या मिटता है ?

18) सीता जी के प्राणेश कौन थे ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :** 1x3=3

19) सीता जी अपनी कुटिया में कैसे परिश्रम करती थी ?

20) 'तोडती पत्थर' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** 1x4=4

21) माटी कहै कुम्हार से, तू क्या रौंदे मोय ।
इक दिन ऐसो होयगो, मैं रौंदूँगी तोय ॥

**अथवा**

मैं हूँ प्रेममयी, जग दिखता
मुझे प्रेम का परावार ।
भरा प्रेम से मेरा जीवन,
लुटा रहा है निर्मल प्यार ॥

**IV निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :** 1x3=3

22) शराबी एक रुपए से क्या खरीदना चाहता था और बाद में क्या खरीद लिया ?

23) श्मशान ने आह भरकर पहाडी से क्या कहा ?

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** 2x1=2

24) i) मुझे जाना दो ।
ii) आपके बारे में मुझसे कोई भी बुरा नही कहता ।

**आ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** 2x1=2

25) i) पति ii) हाथी

**इ) अन्य वचन रूप लिखिए :** 2x1=2

26) i) थाली ii) उँगली

**ई) समानार्थक शब्द लिखिए :** 2x1=2

27) i) पहाड ii) ईश्वर

*****